KGS

No. of Printed Pages : 4

2025

# सामान्य अध्ययन – II

## (शासन व्यवस्था, संविधान, शासन-प्रणाली, सामाजिक न्याय तथा अंतर्राष्ट्रीय संबंध)

# General Studies – II

## (Governance, Constitution, Polity, Social Justice and International relations)

*निर्धारित समय : 3 घण्टे]* *[ पूर्णांक : 200*

*Time allowed : 3 Hours]* *[Maximum Marks : 200*

SamveIAS

### भाग – 1 / Part – 1

**नोट :** इस भाग में कुल **05** प्रश्न (प्रश्न संख्या–**01** से **05** तक) हैं । **सभी** प्रश्न अनिवार्य हैं । प्रत्येक प्रश्न के लिए **04** अंक निर्धारित हैं । प्रत्येक प्रश्न के उत्तर हेतु अधिकतम शब्द सीमा **50** शब्द है ।

**Note :** This part contains **05** questions (Question number–**01** to **05**). **All** questions are compulsory. Each question carries **04** marks. The word limit for each question is **50** words.

1. 'मूल संरचना' सिद्धांत के महत्त्व और विशेषताओं की पहचान कीजिए । **(शब्द सीमा : 50 शब्द) 04**

   Identify the significance and features of the 'Basic Structure' Doctrine.

   **(Word Limit : 50 Words)**

2. राज्य सरकारों को निर्देश देने की केन्द्र सरकार की शक्ति किस प्रकार राष्ट्रीय एकीकरण और शासन में एकरूपता सुनिश्चित करती है, इसका आलोचनात्मक परीक्षण कीजिए । **(शब्द सीमा : 50 शब्द) 04**

   Critically examine how the Union Government's power to give directions to the state governments ensures national integration and uniformity in governance.

   **(Word Limit : 50 Words)**

3. उज्जवला योजना और ग्रामीण महिलाओं के जीवन-स्तर में सुधार । **(शब्द सीमा : 50 शब्द) 04**

   *Ujjwala Yojna and enhancement in quality of life of rural women.*

   **(Word Limit : 50 Words)**

4. *'2024 के वैश्विक भूख सूचकांक (Global Hunger Index) में 127 देशों में भारत को 105वाँ स्थान दिया गया है ।' टिप्पणी कीजिए ।* **(शब्द सीमा : 50 शब्द) 04**

   *'India has been ranked 105 among 127 nations in the Global Hunger Index in 2024.' Comment.*

   **(Word Limit : 50 Words)**



Scanned with OKEN Scanner

5. राष्ट्रों के बीच सामरिक संबंधों को मजबूत करने में द्विपक्षीय समूहों के महत्व पर चर्चा कीजिए।

(शब्द सीमा : 50 शब्द) 04

Discuss the significance of bilateral groupings in strengthening strategic relations between nations.

(Word Limit : 50 Words)

**भाग – 2 / Part – 2**

**नोट :** इस भाग में कुल 10 प्रश्न (प्रश्न संख्या–06 से 15 तक) हैं। **सभी** प्रश्न अनिवार्य हैं। प्रत्येक प्रश्न के लिए **08** अंक निर्धारित हैं। प्रत्येक प्रश्न के उत्तर हेतु अधिकतम शब्द सीमा **100** शब्द है।

**Note :** This part contains **10** questions (Question number–**06** to **15**). **All** questions are compulsory. Each question carries **08** marks. The word limit for each question is **100** words.

6. 'जब कार्यपालिका का अतिरेक और विधायी अतिक्रमण होता है, तो सर्वोच्च न्यायालय बहुत महत्त्वपूर्ण हो जाता है।' अपने शब्दों में इस कथन की जाँच कीजिए।

(शब्द सीमा : 100 शब्द) 08

'Supreme Court is crucial when there is executive overreach and legislative encroachment.' Examine the statement in your own words.

(Word Limit : 100 Words)

7. 'भारत निर्वाचन आयोग (ईसीआई) ने पूरे देश में विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) अभ्यास करने की जरूरत पर जोर दिया है।' इस अभ्यास में देश में एक राय की कमी है या नहीं, इस पर अपने विचार दीजिए।

(शब्द सीमा : 100 शब्द) 08

'Election Commission of India (ECI) initiation on the need for undertaking Special Intensive Revision (SIR) exercise on All-India basis.' Give your views whether this exercise lacks unanimity in the country.

(Word Limit : 100 Words)

8. भारतीय संसद की संवैधानिक सर्वोच्चता ब्रिटेन की पूर्ण संसदीय संप्रभुता से किस प्रकार भिन्न है ?

(शब्द सीमा : 100 शब्द) 08

How does Indian Parliament's Constitutional Supremacy differ from United Kingdom's absolute parliamentary sovereignty ?

(Word Limit : 100 Words)

9. उन कारकों का विश्लेषण कीजिए जिनके कारण भारत में कुछ राज्य हाल के वर्षों में विधान परिषदों के निर्माण पर जोर दे रहे हैं। संवैधानिक प्रावधानों के प्रकाश में चर्चा कीजिए।

(शब्द सीमा : 100 शब्द) 08

Analyse the factors why some states in India are pushing for the creation of the Legislative Councils in recent years. Discuss in light of the constitutional provisions.

(Word Limit : 100 Words)

10. क्या आपको लगता है कि आज के विश्व में आयुर्वेद भारत में स्वास्थ्य सेवा की एक प्रासंगिक और कुशल प्रणाली है ? अपने उत्तर के लिए कारण दीजिए।

(शब्द सीमा : 100 शब्द) 08

Do you think that in today's world, Ayurveda is a relevant and efficient system of healthcare in India ? Give reasons for your answer.

(Word Limit : 100 Words)



SamvegIAS

Scanned with OKEN Scanner

11. डिजिटल प्रौद्योगिकियाँ शासन में पारदर्शिता और जवाबदेही को बढ़ावा देने में क्या भूमिका निभा सकती हैं ?

**(शब्द सीमा : 100 शब्द) 08**

What role can the digital technologies play in promoting transparency and accountability in governance ? **(Word Limit : 100 Words)**

12. "सार्वजनिक जवाबदेही की कमी के कारण भारत में संस्थाओं का पतन हुआ है ।" उपयुक्त उदाहरणों सहित समझाइए । **(शब्द सीमा : 100 शब्द) 08**

"The lack of public accountability has led to the decline of institutions in India." Explain with suitable examples. **(Word Limit : 100 Words)**

13. मनरेगा (MGNREGA) और अन्य श्रम कल्याण योजनाएँ राज्य के नीति निदेशक सिद्धांतों में परिकल्पित सामाजिक-आर्थिक समानता में किस प्रकार योगदान करती हैं, समझाइए । **(शब्द सीमा : 100 शब्द) 08**

Explain how policies like MGNREGA and various other Labour Welfare Schemes contribute to Social-Economic Equality as envisaged in Directive Principles of State Policy. **(Word Limit : 100 Words)**

14. "ब्रिटेन में आप्रवासन और शिक्षा नीतियों ने भारतीय प्रवासियों और द्विपक्षीय संबंधों को मजबूत किया है ।" चर्चा कीजिए । **(शब्द सीमा : 100 शब्द) 08**

"UK immigration and education policies have strengthened Indian diaspora and bilateral relations." Discuss. **(Word Limit : 100 Words)**

15. "वैश्विक व्यापार समझौते अकसर प्रमुख क्षेत्रों में भारत की नीतिगत स्वायत्तता को सीमित कर देते हैं ।" चर्चा कीजिए और अपना दृष्टिकोण प्रस्तुत कीजिए । **(शब्द सीमा : 100 शब्द) 08**

"Global trade agreements often limit India's policy autonomy in key sectors." Discuss and give your viewpoint. **(Word Limit : 100 Words)**

## भाग – 3 / Part – 3

**नोट :** इस भाग में कुल **10** प्रश्न (प्रश्न संख्या-**16** से **25** तक) हैं । **सभी** प्रश्न अनिवार्य हैं । प्रत्येक प्रश्न के लिए **10** अंक निर्धारित हैं । प्रत्येक प्रश्न के उत्तर हेतु अधिकतम शब्द सीमा **150** शब्द है ।

**Note :** This part contains **10** questions (Question number-**16** to **25**). **All** questions are compulsory. Each question carries **10** marks. The word limit for each question is **150** words.

16. भारत के पर्यावरण संरक्षण में केन्द्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड की भूमिका का आलोचनात्मक परीक्षण कीजिए । कौन से कारक इसकी प्रभावशीलता को सीमित करते हैं ? **(शब्द सीमा : 150 शब्द) 10**

*Critically examine the role of The Central Pollution Control Board in India's environmental protection. What factors limit its effectiveness ?*

**(Word Limit : 150 Words)**

17. *भारत में बालश्रम पर अंकुश लगाने के लिए 'राष्ट्रीय बाल अधिकार संरक्षण आयोग (एन.सी.पी.सी.आर.)' की भूमिका और उपलब्धियों पर टिप्पणी कीजिए ।* **(शब्द सीमा : 150 शब्द) 10**

*Comment on the role and achievements of 'National Commission for Protection of Child Rights (N.C.P.C.R.)' on curbing Child Labour in India.* **(Word Limit : 150 Words)**



SamvegIAS

Scanned with OKEN Scanner

18. शहरी स्थानीय निकायों को संवैधानिक दर्जा दिए जाने के बावजूद, उनका प्रदर्शन संतोषजनक नहीं है। भारत में ज़मीनी स्तर पर लोकतंत्र और राष्ट्र निर्माण को मज़बूत करने के तरीके सुझाएँ। **(शब्द सीमा : 150 शब्द) 10**

Despite the constitutional status granted to The Urban Local Bodies, their performance is far from satisfactory. Suggest ways to strengthen grassroot democracy and nation building in India. **(Word Limit : 150 Words)**

19. भारतीय राजनीति के लोकतंत्रीकरण में अनौपचारिक संघों की भूमिका का आलोचनात्मक परीक्षण कीजिए। **(शब्द सीमा : 150 शब्द) 10**

Critically examine the role of the informal associations in democratizing Indian Polity. **(Word Limit : 150 Words)**

20. महिलाओं और बच्चों से संबंधित प्रमुख कानूनों पर एक लघु निबंध लिखिए। **(शब्द सीमा : 150 शब्द) 10**

Write a short essay on the prominent legislations related to women and children. **(Word Limit : 150 Words)**

21. 2030 एजेंडा की अवधारणा और उन पाँच स्तंभों की व्याख्या कीजिए जिनके इर्द-गिर्द सतत् विकास लक्ष्य (एसडीजी) संरचित हैं। इसमें नीति आयोग की भूमिका की भी व्याख्या कीजिए। **(शब्द सीमा : 150 शब्द) 10**

Explain the concept of the 2030 Agenda and the five pillars around which the Sustainable Development Goal's (SDG's) are structured. Also, explain the role of NITI Aayog in this. **(Word Limit : 150 Words)**

22. राष्ट्रीय शिक्षा नीति (NEP), 2020 शिक्षा में लैंगिक अंतर को कैसे पाटने का प्रयास करती है ? **(शब्द सीमा : 150 शब्द) 10**

How does the National Education Policy (NEP), 2020 seek to bridge gender-gap in education ? **(Word Limit : 150 Words)**

23. मिशन कर्मयोगी के तहत सिविल सेवा सुधार भारत में नौकरशाही का पुनर्निर्माण कैसे करेंगे ? **(शब्द सीमा : 150 शब्द) 10**

*How will civil service reforms under Mission Karamyogi reinvent bureaucracy in India ?* **(Word Limit : 150 Words)**

24. भारत के प्रवासी समुदाय की अपने मेज़बान देशों की भारत सम्बन्धी विदेश नीति निर्धारण में प्रभावकारी भूमिका पर चर्चा कीजिए। **(शब्द सीमा : 150 शब्द) 10**

*Discuss the role of the Indian diaspora in influencing foreign policy decisions of their host countries towards India.* **(Word Limit : 150 Words)**

25. "क्षेत्रीय संपर्क पहल भारत के लिए पड़ोसी देशों से संबंधों को मज़बूत करने का सबसे प्रभावी साधन है।" इस कथन का विश्लेषण कीजिए। **(शब्द सीमा : 150 शब्द) 10**

"Regional connectivity initiatives are the most effective tool for India to strengthen neighbourhood countries' relations." Analyse this statement. **(Word Limit : 150 Words)**

SamvegIAS



Scanned with OKEN Scanner